हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 6 अप्रैल 2024

06 श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन हों, सभी व्यवस्थाएं...


07 ठेकेदार अधूरा छोड़ गया सिंधिया घराने की कुलदेवी...




**लोकसभा क्षेत्र**
रीवा

1 **भाजपा प्रत्याशी**
जनार्दन मिश्रा

2 **कांग्रेस प्रत्याशी**
नीलम मिश्रा

**पिछली बार कौन जीता**
जनार्दन मिश्रा

**जीत का अंतर**
3 लाख 12 हजार 807

### क्या रहेंगे मुद्दे?

लोकसभा के इन चुनाव में अन्य क्षेत्रों की तरह रीवा में भी राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों पर चुनाव लड़ा जा रहा है। इस बार यहां प्रत्याशियों का चेहरा भी महत्वपूर्ण है। बसपा अपने युवा प्रत्याशी के लिए युवाओं का समर्थन मांग रही है। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों को आगे कर वोट मांग रही है। अयोध्या मुद्दा के साथ हिंदू-मुस्लिम राजनीति भी उसे मजबूत करती है। दूसरी तरफ कांग्रेस लोकतंत्र को खतरे में बता रही है। वह देश के अंदर महंगाई और बेरोजगारी को मुद्दा बनाने की कोशिश में है। कांग्रेस का कहना है देश की जांच एजेंसिया भाजपा के पास कब्जे में हैं।

## तीन लोकसभा चुनाव जीत चुकी बसपा, भाजपा की ओर से फिर जनार्दन, कांग्रेस ने नीलम को दिया टिकट

# रीवा में खेल बिगाड़ती है बसपा, पर मुकाबला भाजपा-कांग्रेस के ही बीच

*रीवा लोकसभा सीट का राजनीतिक मिजाज कुछ अलग है। यहां किसी भी चुनाव में कुछ भी हो सकता है। यह प्रदेश की एकमात्र ऐसी सीट है, जहां बसपा तीन चुनाव में जीत दर्ज कर चुकी है। अब भी उसे इतने वोट मिलते हैं कि वह किसी का भी खेल बिगाड़ सकती है। फिलहाल यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच ही मुकाबले के आसार हैं। भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा तीसरी बार मैदान में हैं। इनकी गिनती फक्कड़ और ईमानदार नेता के तौर पर होती है, जबकि कांग्रेस ने दल बदलने में अव्वल अभय मिश्रा की पत्नी नीलम मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। जनार्दन के विपरीत अभय ठेकेदार हैं। इनकी गिनती रसूखदार नेता के रूप में होती है। रीवा में मोदी लहर का असर है, लेकिन अभय मिश्रा की पत्नी मुकाबले को रोचक बना सकती हैं।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

रीवा लोकसभा सीट अब तक किसी दल का गढ़ नहीं बन सकी। पिछले 8 लोकसभा चुनावों पर नजर डालें तो 3 बार बसपा, 4 बार भाजपा और 1 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है, इसीलिए विश्लेषक इस सीट को लेकर किसी तरफ की भविष्यवाणी करने से बचते हैं। वजह बसपा की मजबूत उपस्थिति है। 2019 में बसपा को मिले 91 हजार से ज्यादा वोटों को छोड़ दें तो पार्टी को हर चुनाव में डेढ़ से दो लाख तक वोट मिले हैं। बसपा को मिलने वाले वाले ये वोट किसी के भी हार-जीत का खेल बिगाड़ सकते हैं। बसपा की ओर से अभिषेक पटेल मैदान में हैं। वे 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा को इस मायने में फक्कड़ माना जाता है कि वे दो कुर्ता-पैजामा बनवाकर राजनीति करते हैं। उनकी गिनती निहायत ईमानदार नेता के तौर पर होती है। कोराना काल में दो साल उन्होंने लोगों के लिए मास्क बनाने का काम किया।


जनार्दन मिश्रा


नीलम मिश्रा

संभवतः इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें पसंद करते हैं। हालांकि तीसरी बार उनके खिलाफ कुछ एंटी इंकम्बेंसी भी दिखाई पड़ रही है। कांग्रेस प्रत्याशी नीलम मिश्रा सेमरिया विधानसभा सीट से भाजपा विधायक रही हैं। उनके पति अभय मिश्रा सेमरिया से कांग्रेस के विधायक हैं। वे जल्दी-जल्दी भाजपा-कांग्रेस में आने-जाने के कारण चर्चित रहे हैं। अभय पेशे से ठेकेदार हैं, पैसे की उनके पास कमी नहीं है। क्षेत्र में उनका संपर्क भी अच्छा है। उनकी गिनीत दबंग नेता के तौर पर भी होती है। इसकी वजह से मुकाबला रोचक दिख सकता है। रीवा लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण और पटेल मतदाताओं की तादाद निर्णायक है। संभवतः इसीलिए आमतौर पर भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी ब्राह्मण होते हैं और बसपा से पटेल। बसपा को पटेलों के साथ दलित वर्ग का अच्छा समर्थन मिल जाता है तो वे मुकाबले को त्रिकोणीय बना देते हैं। ऐसे मुकाबले में बसपा कभी-कभी बाजी भी मार ले जाती है।

### विस चुनाव में भाजपा ने बनाई बढ़त

विधानसभा के 4 माह पहले हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में बंपर जीत दर्ज की थी। रीवा लोकसभा क्षेत्र में भी इसका असर देखने को मिला। क्षेत्र की 8 विधानसभा सीटों में से 7 पर भाजपा ने जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस सिर्फ एक सीट पर सिमट गई। भारतीय जनता पार्टी का सिरमौर, त्योंथर, मऊगंज, देवतालाब, मनगवां, रीवा और गुढ़ में कब्जा है, जबकि कांग्रेस का सेमरिया में। सेमरिया से कांग्रेस प्रत्याशी नीलम के पति अभय मिश्रा विधायक हैं। जीत के अंतर की दृष्टि से कांग्रेस सेमरिया में महज 637 वोटों के अंतर से चुनाव जीती है, जबकि 7 विधानसभा सीटों में भाजपा की जीत का अंतर 1 लाख 5 हजार 840 रहा। लोकसभा चुनाव में एक लाख से ज्यादा वोटों का यह अंतर पाटना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है।

### आठ विधानसभा क्षेत्रों में फैली है रीवा लोस सीट

रीवा लोकसभा सीट भौगोलिक दृष्टि से रीवा जिले की 8 विधानसभा सीटों को मिलाकर बनी है। ये सीटें सिरमौर, सेमरिया, त्योंथर, मऊगंज, देवतालाब, मनगवां, रीवा और गुढ़ हैं। इस सीट के लिए 1991 से 2019 तक हुए लोकसभा के 8 चुनावों में 4 बार भाजपा, 3 बार बसपा और 1 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। भाजपा के चंद्रमणि त्रिपाठी दो बार 1998 और 2004 में जीते और जनार्दन मिश्रा ने 2014 और 2019 के चुनाव में जीत दर्ज की। बसपा के भीम सिंह पटेल पहली बार 1991 में जीतने में सफल रहे। 1996 के चुनाव में बसपा के बुद्धसेन पटेल जीत गए। 2009 में बसपा के देवराज सिंह पटेल ने जीत दर्ज की। वर्ष 1999 में कांग्रेस के सुंदरलाल तिवारी ने भाजपा के चंद्रमणि त्रिपाठी को हराया था। इस बार फिर मुकाबला रोचक है।

### ब्राह्मणों व पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला

रीवा लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मणों और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला माना जाता है। हालांकि यहां दलित वर्ग के मतदाताओं की तादाद भी कम नहीं है। यही कारण है कि आमतौर पर रीवा में ब्राह्मण और पटेल समाज के नेता ही सांसद बने हैं। क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या 40 फीसदी के आसपास निर्णायक है, लेकिन यह मतदाता कांग्रेस और भाजपा के बीच बंट जाता है। इसके बाद दलित, पटेल और काछी मतदाताओं की तादाद है। बसपा पटेल को प्रत्याशी बनाती है। इसके साथ बड़ी तादाद में दलित मतदाता जुड़ जाता है। काछी समाज के अलावा क्षत्रिय सहित क्षेत्र में अन्य समाज भी हैं। दलित मतदाता बसपा, भाजपा और कांग्रेस के बीच बंट जाता है।

**खबर संक्षेप**

### शास. अवकाश, बैंक अवकाश में कृषि उपज नीलामी बंद रहेगी

**सीहोर।** अप्रैल माह के दौरान विभिन्न त्योहारों, शासकीय अवकाश एवं बैंक अवकाश होने से मण्डी प्रांगण सीहोर में कृषि उपजों एवं लहसुन-प्याज का नीलामी का अवकाश रहेगा। सहायक संचालक एवं सचिव कृषि उपज मण्डी समिति सीहोर ने जानकारी दी कि अप्रैल माह में विभिन्न त्योहारों, शासकीय अवकाश एवं बैंक अवकाश होने से मण्डी प्रांगण सीहोर में कृषि उपजों एवं लहसुन-प्याज का नीलामी का अवकाश रहेगा। सचिव कृषि उपज मण्डी समिति ने अवकाशों की जानकारी देते हुये बताया कि 07 अप्रैल को साप्ताहिक अवकाश, 8 को सामवती अमावस्या (कार्यालय खुलेगा) 09 गुड़ी पड़वा, 10 को चैती चांद, 11 को ईद उल फित्र, 13 को द्वितीय शानिवार, 14 को रविवार साप्ताहिक अवकाश, 17 को रामनवमी, 21 को रविवार साप्ताहिक अवकाश, 27 को चौथा शानिवार और 28 को रविवार साप्ताहिक अवकाश होने के कारण कृषि उपजों एवं लहसुन-प्याज का नीलामी का अवकाश रहेगा। आगामी 12 अप्रैल को मण्डी प्रागंण में समस्त कृषि उपजों व लहसुन -प्याज आदि की नीलामी होगी। समस्त किसान भाई कृषि मण्डी प्रांगण में उपरोक्त अवकाश के दौरान अपनी कृषि उपज,लहसुन- प्याज आदि विक्रय के लिए नहीं लाएं।

## रेहटी पुलिस ने किया अंधे कत्ल का पर्दाफाश, आरोपी पुलिस की हिरासत में

# खुलासा: भाई ने भाई की हत्या के लिए दी थी सुपारी, शूटर ने कर दी भतीजे की हत्या

आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि नारसिंह पिता किशन मंडलोई निवासी खनपुरा सेमरी ने अपने भाई नरेंद्र मंडलोई को मारने के लिए 20 हजार की सुपारी दी थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

रेहटी थाना पुलिस ने एक ऐसे हत्या के मामले का खुलासा किया है। इसमें एक भाई ने ही भाई को मारने की सुपारी दी थी, लेकिन हत्यारों ने बाहर सोए भाई के लड़के को ही मार डाला। इस हत्या के मामले का खुलासा करते हुए एसडीओपी बुधनी शशांक गुर्जर ने बताया कि रेहटी थाना पुलिस को फरियादिया रानू बाई पति नरेंद्र मंडलोई भिलाला उम्र 45 वर्ष निवासी गांव खनपुरा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनका बेटा रोशन मंडलोई घर के बाहर रात में पलंग पर सो रहा था। इस दौरान तेज पटाखे चलने जैसी आवाज आई। इसके बाद जब परिजन घर से बाहर निकले तो एक मोटरसाइकिल पर तीन लड़के तेजी से भागते नजर आए। रोशन मंडलोई के सिर में से खून भी निकल रहा था। इसके बाद पड़ोसियों की मदद से वे रोशन मंडलोई को लेकर रेहटी अस्पताल पहुंचे। यहां पर डॉक्टरों ने रोशन मंडलोई को मृत घोषित कर दिया।

एसडीओपी शशांक गुर्जर ने बताया कि इस हत्या को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देश के बाद रेहटी थाना प्रभारी राजेश कहारे के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने इस मामले में हर पहलू पर जांच की। जांच पड़ताल के बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंची। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि नारसिंह पिता किशन मंडलोई निवासी खनपुरा सेमरी ने अपने भाई नरेंद्र मंडलोई को मारने के लिए 20 हजार की सुपारी दी थी। पुलिस ने आरोपी नारायण पिता रामू केवट निवासी अर्जुन नगर ओबेदुल्लागंज, अभिषेक पिता राकेश केवट निवासी अर्जुन नगर



ओबेदुल्लागंज सहित एक अन्य बाल अपराधी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में जप्त मोटरसाइकिल एवं देसी कट्टा भी जप्त किया है। रेहटी पुलिस की इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेश कहारे, एसआई दीपक सर्राटी सहित नंदराम अहिरवार, बीएस सिकरवार, सुमेर सिंह उइके , लवकेश जाट, अभिषेक यादव, रामू उइके, सुबोध सिंह, प्रवीण सोलकी, विकास नागर, संतोष, विजय यादव, मांगीलाल, साइबर सेल टीम एवं नगर सुरक्षा समिति के सदस्य बलराम सिसोदिया की सराहनीय भूमिका रही।

### फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

शुक्रवार को स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के लिए थाना प्रभारी बिलकिसगंज उपनिरीक्षक संदीप मीणा के नेतृत्व में थाना स्तर पर सउनि हरिहर मिश्रा, आरक्षक 488 प्रमोद गढ़पाल, आरक्षक 722 अर्पण कुल्हारे, आरक्षक 465 अक्षय देवलिया की टीम बनाई गई, टीम द्वारा वारंटी की तलाश हेतु ग्राम कुलास कला में स्थाई वारंटी राम सिंह पिता मूल चंद्र वर्मा निवासी कुलास कला की पता तलाश उसके घर पर किया तो स्थाई वारंटी राम सिंह वर्मा घर पर उपस्थित मिला। जिसका स्थाई वारंटी होने से गिरफ्तार कर थाना बिलकिसगंज लाया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक संदीप मीणा थाना बिलकिसगंज, सउनि हरिहर मिश्रा, आरक्षक 488 प्रमोद गढ़पाल, आरक्षक 722 अर्पण कुल्हारे,आरक्षक 465 अक्षय देवलिया का विशेष योगदान रहा।

### भट्टी की यूरिया मिश्रित कच्ची महुआ शराब जब्त: आरोपी अंसार पर पूर्व में भी कोतवाली में अवैध सट्टा व गांजा बेचने के मामले दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब कारोबारी के विरुद्ध की गई कार्रवाई में 57 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी कोतवाली गिरीश दुबे के नेतृत्व में टीम का गठित कर कार्रवाई की गई। बताया गया है कि रानी मोहल्ला गंज में कच्ची हाथ भट्टी की यूरिया मिश्रित शराब बेच रहा है। सूचना पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी अंसार अहमद निवासी रानी मोहल्ला गंज सीहोर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी अंसार अहमद के पास से 57 लीटर हाथ भट्टी की यूरिया मिश्रित कच्ची महुआ शराब जब्त कर थाना कोतवाली में प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी अंसार पर पूर्व में भी कोतवाली में अवैध सट्टा व गांजा बेचने के अपराध पंजीबद्ध हैं।

### आम सभा, रैली, जुलूस के लिए एसडीएम से अनुमति लेना अनिवार्य

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संचालित हो इसके लिए गत दिवस दण्ड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार जिले में आम सभा, रैली, जुलूस के पूर्व संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र, लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति लेना अनिवार्य होगा। आदेश का उल्लघंन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा -144 के तहत कार्यवाही की जाएगी।


## प्रसिद्ध देवीधाम सलकनपुर मंदिर में की जाएगी विशेष साज-सज्जा

# नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां शुरू: व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों की लगेगी ड्यूटी, भक्तों की उमड़ेगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक नवरात्रि पर्व मनाया जाना है। जिले के रेहटी तहसील के सलकनपुर में प्रसिद्ध देवीधाम मंदिर में नवरात्रि पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से व्यवस्था को सुचारु रूप से बनाए रखने के लिए 7 अधिकारियों को व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए ड्यूटी लगाई जाती है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार कार्यपालन लोक स्वा. यां.विभाग व सीईओ जनपद पंचायत बुधनी पेयजल की व्यवस्था करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं अधीक्षक यंत्री विद्युत मंडल बुधनी को



विद्युत व्यवस्था सुचारू बनाये रखने को कहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को नवरात्रि पर्व मंदिर परिसर पर स्थाई रूप से एम्बुलेंस मय डॉक्टर्स टीम व आवश्यक जीवन रक्षक औषधियों सहित उपलब्ध रखना सुनिश्चित करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर परिषद बुधनी रेहटी को कार्यक्रम स्थल पर वाहन, फायर फायटर, साफ-सफाई एवं चलित शौचालय और व्यवस्थाएं संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से समन्वय कर उपलब्ध कराएं। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बुधनी मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा है कि वे अनुविभागीय अधिकारी वअनुविभागीय दण्डाधिकारी से समय समय पर निर्देश प्राप्त कर कार्य सुनिश्चित करें।

### शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए अवकाश घोषित

**सीहोर।** राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त शासकीय शिक्षण संस्थाओं में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए अवकाश घोषित कर दिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव द्वारा जारी आदेशानुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश 01 मई से 15 जून 2024 तक विद्यार्थियों के लिए और शिक्षकों के लिए 01 मई से 31 मई 2024 तक रहेगा।

इसी प्रकार दशहरा अवकाश 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2024 तक विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए रहेगा। दीपावली अवकाश 29 अक्टूबर से 03 नवम्बर 2024 तक विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए। शीतकालीन अवकाश 31 दिसम्बर से 04 जनवरी 2025 तक विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए रहेगा।

### सीहोर से सी-विजिल एप में 4 अप्रैल तक 93 शिकायतें का त्वरित निराकरण

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि 16 मार्च से आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू होते ही सी-विजिल एप पर शिकायतें प्राप्त होने लगी हैं। सी-विजिल एप पर सीहोर से 93, शिकायतों प्राप्त हुई जिसका तत्परता से निराकरण कर दिया गया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि यदि वे निर्वाचन में आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत सीधे आयोग को करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा। इसके लिए नागरिक को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट में कार्यवाही की जाएगी। सी-विजिल एप भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए तैयार किया है। इस एप के जरिए कोई भी नागरिक राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़ें, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को उनके पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से लाने-ले जाने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन, दीवारों या परिसर पर प्रचार सामग्री चस्पा करने सहित अन्य प्रकार की शिकायतें कर सकता है।

**खबर संक्षेप**

### नाटा-2024 में कराना होगा रजिस्ट्रेशन

**सीहोर।** काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर ने नेशनल एप्टीट्यूट टेस्ट इन आर्किटेक्चर (नाटा)-2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरु हो गई है। 5 वर्षीय बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर डिग्री प्रोग्राम में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसमें एडमिशन के लिए पीसीईएम विषयों के साथ 10+1, 10+2 और कणिश के साथ 10+3 डिप्लोमा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले स्टूडेंट्स आवेदन कर सकते हैं। इस एग्जाम का स्कोर परीक्षा वर्ष से दो शैक्षणिक वर्षों के लिए मान्य होगा। हर एक शैक्षणिक वर्ष के लिए अधिकतम 3 प्रयास की अनुमति दी जाएगी।

### सेंट्रल स्कूलः प्रवेश की पहली सूची 19 को

**सीहोर।** देशभर के केंद्रीय विद्यालयों (सेंट्रल स्कूलों) की कक्षा एक में एडमिशन की प्रक्रिया शुरु हो गई है। 19 अप्रैल को दाखिले से जुड़ी पहली सूची जारी की जाएगी। रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 15 अप्रैल को शाम 5 बजे तक है। कक्षा 2 व उसके आगे की क्लासेस में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन 10 अप्रैल तक ऑफलाइन मोड में किए जा सकते हैं। कक्षा 11वीं में एडमिशन के रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 10वीं बोर्ड रिजल्ट घोषित होने के 10 दिन बाद शुरु होगी। स्टूडेंट्स और पैरेंट्स केंद्रीय विद्यालय संगठन की ऑफिशियल वेबसाइट kvsangathan.nic.in पर नोटिफिकेशन चेक कर सकते हैं। कक्षा 1 से 3 तक की पहली सलेक्टेड और वेटिंग लिस्ट 19 अप्रैल को जारी की जाएगी। दूसरी लिस्ट 29 अप्रैल और तीसरी लिस्ट 8 मई को जारी होगी। सीहोर के केंद्रीय विद्यालय में भी प्रवेश प्रक्रिया जारी है।

### किताबों की दुकान पर कार्रवाई की तैयारी

**सीहोर।** स्कूलों में चुनिंदा प्रकाशन की किताबें चुनिंदा दुकानों से खरीदे जाने के लिए अभिभावकों पर दबाव डाले जाने के मामले में स्कूल शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के अफसर शुक्रवार से कार्रवाई शुरु कर सकते हैं। इसके लिए नए सिरे से आदेश जारी करने के साथ-साथ दुकानों का औचक निरीक्षण भी कराया जाएगा। सीएम डॉ. मोहन यादव ने तीन दिन पहले दुकानों का औचक निरीक्षण और कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

## चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान माता टेकरी पर की जाएगी समुचित व्यवस्था

# श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन हों, सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें: कलेक्टर गुप्ता

नवरात्रि पर्व पर तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्री गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में चैत्र नवरात्रि पर्व 09 अप्रैल से मनाया जाएगा। नवरात्रि पर्व की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में मॉ चामुण्डा शासकीय देवस्थान प्रबंध समिति कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि चैत्र नवरात्रि के संबंध में सभी तैयारियां समय रहते तक कर लें। टेकरी पर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन हों, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। टेकरी स्थित समस्त मंदिरों एवं सम्पूर्ण टेकरी क्षेत्र की चौबीसों घंटे साफ सफाई की जाये। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक दर्शन की सुविधा की दृष्टि से टेकरी पर पानी व छाया सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएगी।

साथ ही टेकरी पर कंट्रोल रूम बनाये, कैमरे लगाये और 24 घण्टे मानिटरिंग करें। टेकरी पर बांस से दो सुरक्षा चौकियां बनाई जाये। चांदी के छोटे जैवरों को गलाकर एक बड़ा आभूषण बनाये। पुजारियों से पूछ कर सुविधानुसार एक यूनिफार्म तैयार की जाये। सीढ़ी मार्ग पर येलो लाईन खींचे, जिससे आगे दुकानें नहीं लगे। केंटीन के लिए टेंडर आंमत्रित करें। मॉ चामुण्डा शासकीय देवस्थान प्रबंध समिति लड्डू काउंटर एवं भोजन प्रसादी की व्यवस्था करें। खाद्य एवं औषधी प्रशासन नियमित रूप से प्रसाद और भोजन सामग्री की जांच करें। मंदिर में जहां पर भी दरारे आई है, वहां वॉटर प्रुफिंग का कार्य करें। नवरात्रि के दौरान बैरिकेट्स की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। टेकरी पर बिजली के तार सही करवाले।

रोप वे का फिजिकल वेरिफिकेशन कर लें। लाइट की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। टेकरी पर समस्त मंदिरों, रपट मार्ग, सीढ़ी मार्ग, परिक्रमा मार्ग पर प्रकाश की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था करें। टेकरी पर जहां कारपेट की जरूरत है, वहां कारपेट बिछाये। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि नवरात्रि पर्व पर वाहन पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए। अवैध पार्किंग पर कार्यवाही की जाये। कलेक्टर गुप्ता ने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि नवरात्रि पर्व के दौरान दर्शनार्थियों की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जाएं। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल लगाया जाए।

परिक्रमा पथ पर चीता पार्टी द्वारा समय-समय पर गश्त लगाई जाए। पार्किंग व्यवस्था स्टेशन रोड, डीआरपी लाइन, सीढ़ी मार्ग पर रहेगी।कलेक्टर गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये कि शंख द्वार, सीढ़ी द्वार एवं जैन मंदिर पर मेडिकल काउंटर लगाएं। डाक्टरों एवं स्टॉफ की मय एंबुलेंस, ऑक्सीजन, दवाइयों के 24 घंटे ड्यूटी लगाएं। व्हील चेयर की व्यवस्था भी करें। मॉ चामुंडा व मॉ तुलजा भवानी मंदिर परिसर में आकर्षक साज-सज्ज करें। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दिशा-निर्देश के पोस्टर लगाएं।बैठक में एसपी उपाध्याय ने कहा कि दर्शनार्थी एक जगह इक्ट्ठा न हो इसका विशेष ध्यान रखें। नवरात्रि के दौरान अनाधिकृत पार्किंग नहीं होनी चाहिए। ट्राफिक कंट्रोल की पर्याप्त व्यवस्था की जाएं। सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था करें।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने दिया ज्ञापन

## किसानों की समस्याओं से कराया अवगत




**देवास।** ज्ञापन में रखी संघ ने किसानों की मांगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर जिलाध्यक्ष गगनसिंह पटेल के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक शर्मा को राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि देश के किसानो को कृषि उत्पाद के आधार पर लाभकारी मूल्य दिए जावे इसमें फसलों को क्रय करने की ग्यारंटी प्रदान की जावे क्योंकि देश की सरकारों ने कई बार वादे किये थे। देश के सभी किसानों को ऋण मुक्त किया जावे क्योंकि स्वामीनाथन रिपोर्ट आने के बाद से प्रति वर्ष किसानों को 2.5 - 3 लाख करोड़ प्रतिवर्ष का नुकसान हो रहा है। किसान अपना हक मांग रहा है भीख नहीं। 378 दिन चले आंदोलन को समाप्त कराने के लिए जो वायदे भारत सरकार द्वारा किये गये थे उन्हें सअक्षर पूरा किया जावे। विगत 13 फरवरी 24 से देश का किसान दिल्ली की सीमाओं पर अपना घर परिवार छोड़कर विपरित प्राकृतिक परिस्थिति जिसके रास्ते में सरकार द्वारा कील, कांटे, कंटीले तार सीमेंट बेरिकेट्स लगाये गये है जो मानवता के विरूद्ध है तत्काल संज्ञान लेते हुए किसानों की मांगे पूरी की जाए। देसी गो संवर्धन संरक्षण हेतु गाय का दूध 200 रू लीटर तथा गोमूत्र और गोबर को क्रय किया जावे। किसानों के कृषि उत्पाद समर्थन मूल्य से कम पर क्रय न किये जावे कृषि उपज मंडियों को इस हेतु सख्त निर्देश दिए जाए। आपके घोषणा पत्र के अनुसार गेंहू 2700 रू तथा धान 3100 रू क्रय किया जावे परंतु आप ही ने समर्थन मूल्य 2275 रू किया है क्या यह किसानों के साथ धोखा नहीं है।

# 7 से 11 अप्रैल तक तेज हवा के साथ ओले भी गिरेंगे



**सीहोर।** एक सप्ताह तेज गर्मी के बाद अब फिर से मौसम में बदलाव होने लगा है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 24 घंटे में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो जाएगा। जिसके असर से अंचल में फिर से बादल छाएंगे और तेज हवा के साथ बारिश भी हो सकती है। कहीं-कहीं ओले गिरने की संभावना भी मौसम विभाग ने जताई है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। लगातार दो दिन से दिन और रात का पारा स्थिर बना हुआ है।

आरएके कॉलेज स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि पिछले 10 साल में से 7 साल अप्रैल महीने में बारिश हुई थी। अबकी बार भी ऐसा ही मौसम रहेगा। 7 अप्रैल से अगले 11 दिन तक सीहोर जिले में आंधी-बारिश का दौर बना रहने की संभावना है। डॉ. तोमर के अनुसार अगले 24 घंटे में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। इसका असर 11 अप्रैल तक रहेगा। 25 किमी से अधिक रफ्तार से हवा चल सकती है।

# पुलिस के कर्मचारियों को आदर्श आचार संहित के पालन और ईडीसी का दिया प्रशिक्षण



**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने सभी संबंधित विभागों को लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत आदर्श आचार संहिता का पालन करने एवं मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत आष्टा में पुलिस विभाग के कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता के पालन करने एवं निर्वाचन प्रक्रिया एवं ईडीसी पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# डाइट में मनाया गया मतदाता जागरूता सप्ताह मतदातओं को दिलाई गई जागरूकता की शपथ





**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा सभी संबंधित विभागों जिनमें महाविद्यायल, स्कूल, आंगनबाडी, महिला बाल विकास सहित सभी संबंधित विभागों को लोकसभा निर्वाचन के अन्तर्गत अधिक से अधिक मतदान करने एवं आम लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करनी और अपने घर परिवार एवं आस-पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जाये। इसी के तहत ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सीहोर द्वारा एक मतदाता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके तहत आज डाइट में सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी एवं प्राचार्य डॉ अनिता बड़गुर्ज़र ,डीपीसी रमेशराम उईके, पांच विकास खण्ड के बीआरसी, बीएससी, जनशिक्षक, जनशिक्षा केंद्र प्रभारी और डाइट के स्टाफ़ और छात्र आध्यापक को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था और विश्वास के साथ लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करने और अपने आस-पास के लोगों को भी प्रेरित कर मतदान कराने की शपथ दिलायी गई। साथ ही डाइट प्राचार्य ने मतदान की शपथ के साथ हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ सीईओ जिपं आशीष तिवारी ने किया।

### स्व सहायता समूह द्वारा शत प्रतिशत मतदान की शपथ

**सीहोर।** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह पूरे जिले में मतदाता जागरूकता के प्रचार-प्रसार के लिए संभी शासकीय कार्यालयों के अलावा ग्राम संगठन, ग्राम पंचायत स्तर तक मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया जाये ताकि जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 में अधिक से अधिक मतदान हो सकें। इसी के तहत आज आष्टा के ग्राम बफापुर में एनआरएलएम के ग्राम संगठन सदस्यो द्वारा शतप्रतिशत मतदान कराने की शपथ ली गई और अपने परिवार एवं आस-पास के लोगों को मतदान के बारे जानकारी दे रहै है। सोसाइटी समूह की सदस्यों द्वारा मतदान के प्रति लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

# पीपीसीए ने 157 के विशाल अंतर से पीपीसीए बी को हराया



**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर अंडर-16 विधायक क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन पीपीसीए अकादमी ने पीपीसीए बी को 157 रन के विशाल अंतर से हराया। इस मैच के दौरान शहर के उभरते हुए हरफनमौला खिलाड़ी नैतिक जैन ने दोहरा प्रदर्शन इसमें गेंदबाजी करते हुए दो विकेट के साथ खेली 43 रन की पारी।

गुरुवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीपीसीए अकादमी के खिलाडिय़ों ने निर्धारित 40 ओवर में सात विकेट खोकर 262 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसमें सलामी बल्लेबाज अंशु सोनी ने 54 गेंद पर 11 चौके और दो छक्कों की मदद से 70 रन उनके साथी खिलाड़ी अराव मसीह ने 26 गेंद पर चार चौकों की मदद से 28 रन की सशक्त पारी खेली थी, इसके अलावा आदिल खान ने 24 रन, भविष्य त्यागी ने 27 रन, नैतिक जैन ने 36 गेंद पर 43 रन और लक्की प्रजापति ने 26 रन बनाए थे। वहीं पीपीसीए बी की ओर से गेंदबाजी करते हुए जय, यश कुशवाहा, अर्पित और रौनक ने एक-एक विकेट हासिल किया। रनों का पीछा करने उतरी पीपीसीए बी की पूरी टीम 23 ओवर में मात्र 105 रन पर ही सिमट गई। इसमें आरंभिक बल्लेबाज चिराग पालीवाल ने 26 गेंद पर 27 रन और रेहान खान ने 20 गेंद पर 15 रन की मजबूत साझीदारी निभाई। वहीं सहज ने 32 गेंद पर 17 रन बनाए थे। इधर पीपीसीए अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हजुए नैतिक जैनने पांच ओवर में 15 रन देकर दो विकेट, नमन ने तीन ओवर में सात रन देकर तीन विकेट, भविष्य ने छह ओवर में 38 रन देकर दो विकेट और लक्की प्रजापति ने तीन ओवर में तीन रन देकर एक विकेट हासिल किया।

# सेवा भारती मातृ शक्ति द्वारा ध्यान योग शिविर का हुआ आयोजन



**सीहोर।** सेवा भारती मातृ शक्ति द्वारा ध्यान योग शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें साइन कुमार रेड्डी पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटी मूवमेंट के वरिष्ठ सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे। जिन्होंने सभी को ध्यान योग के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। जिला उपाध्यक्ष शालिनी माहेश्वरी ने सभी को सेवा भारती के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोहर राय ने कहा कि संस्कार केदो के लिए मेरे से जो भी सहयोग होगा में उसको करने के लिए तत्पर हूं। इस दौरान सेवा भारती की जिला स्वास्थ्य प्रमुख डॉक्टर पुष्पा कनौजिया, जिला सचिव कमल सिंह ठाकुर, जिला स्वास्थ्य और सदस्य महेंद्र सिंह वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी मनोहर लाल राय उपस्थित रहे। मातृशक्ति की नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष मंजू अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष शालिनी महेश्वरी ध्यान प्रमुख मेघा माहेश्वरी संस्कार प्रमुख निकिता जी बुंदेला उपस्थिति रही।

**जाहिर सूचना**

**ग्राम बिशनखेड़ी प०ह०न० 06 तहसील इछावर जिला सीहोर**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेतागण भूमि स्वामी श्रीमति लीला बाई पत्नी श्री नारायण सिंह, देव सिंह पिता श्री जालम सिंह, गजराज सिंह पिता श्री नारायण सिंह जाति चमार निवासी ग्राम बिशनखेडी के स्वामित्व की ग्राम बिशनखेडी प०ह०न० 06 तहसील इछावर जिला सीहोर की भूमि सर्वे नंबर 470/16 रकबा 0.728 हैक्ट में से विक्रय रकबा 0.558 हैक्ट० एवं 470/17/2 रकबा 0.579 हैक्ट० संपूर्ण कुल 02 किता कुल रकबा 1.137 है। यानि 2.81 एकड़ को क्रय करने का अनुबंध दिनांक 23.06.2022 को किया गया है जिसका विक्रय अनुबंध पत्र अनुसार मेरे पक्षकार के द्वारा 8,24,000/- रू विक्रेतागण को अदा की जा चुकी है एवं उक्त भूमि पर विक्रेतागण के द्वारा मेरे पक्षकार को उक्त भूमि का कब्जा भी दिया जा चुका है, मेरे पक्षकार को विश्वत सूत्रो से ज्ञात हुआ है कि उक्त विक्रेतागण उक्त विक्रित अनुबंधित भूमि को अन्य किसी व्यक्ति को विक्रय करने हेतु प्रयत्नशील है जबकि मेरे पक्षकार के पक्ष में किया गया अनुबंध प्रभावशील है, उक्त विक्रेतागण को भी इस जाहिर सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि को बंधक मुक्त कराकर दिनांक 30.04.2024 को उपपंजीयक कार्यालय तहसील इछावर में आवश्यक दस्तावेज सहित उपस्थित होकर मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय पत्र निष्पादित करावे अन्यथा मेरे पक्षकार को उक्त भूमि की रजिस्ट्री कराने हेतु सक्षम न्यायालय में कार्यवाही करना पड़ेगी जिसमें होने वाले समस्त हर्जे खर्चे की जिम्मेदारी उक्त विक्रेतागण की होगी एवं समस्त आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि उक्त विक्रय अनुबंधित ग्राम बिशनखेड़ी तहसील इछावर की भूमि सर्वे नंबर 470/16 रकबा 0.728 हैक्ट में से विक्रय रकबा 0.558 हैक्ट० एवं 470/17/2 रकबा 0.579 हैक्ट० संपूर्ण कुल 02 किता कुल रकबा 1.137 है० यानि 2.81 एकड़ का किसी भी प्रकार का अनुबंध पत्र या विक्रय पत्र अंतरण आदि उक्त भूमि स्वामीयो से नही करावे। उक्त भूमि के अनुबंध एवं विक्रय करने के संबध में मेरे पक्षकार की आपत्ति है मेरे पक्षकार के पक्ष में किया गया अनुबंध आज भी प्रभावशील है तथा अन्य किसी भी व्यक्ति या संस्था के द्वारा उक्त भूमि का अनुबंध या विक्रय पत्र निष्पादित कराया जाता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा आपत्ति के बावजूद कोई अवैध रूप से अनुबंध पत्र एवं विक्रय पत्र कराया जाने की दशा में संबंधित व्यक्ति हर्जे खर्चे का जिम्मेदार स्वयं रहेगा। कृपया सूचित होवे।

**भवदीय, वीरेन्द्र टुवानी एडवोकेट शीलासदन नादान रोड़ इछावर जिला सीहोर मोबाईल नं. 9826797977**

**सर्व साधारण एवं जांगड़ा सूर्यवंशी समाज को आम सूचना**

मुझे मेरे पक्षकार श्री कैलाश प्रलाथिया आ. श्री पर्वत सिंह निवासी ग्राम मुगली तहसील आष्टा जिला सीहोर म.प्र. जो कि गुरू रविदास जागंडा सूर्यवंशी समाज वेलफेयर सोसायटी (समिति का पंजीयन नं. 01/02/03/32572/17 जो कि मध्य प्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 के अधीन दिनांक 27.05.2017 को पंजीकृत की गई है) के अध्यक्ष रहे है, उन्होंने मुझे अधिकृत किया है, कि मैं उनके निर्देशानुसार सर्व साधारण एवं जागंडा सूर्यवंशी समाज को निम्नानुसार उनके खिलाफ चलाये जा रहे, षडयंत्र एवं प्रोपोगंडा का पर्दाफाश यह आम सूचना का प्रकाशन कर करू ताकि वास्तविकता का सभी लोगों को पता चल सके।

1. मेरे पक्षकार कैलाश प्रलाथिया समाज हित एवं सामाजिक सरोकार के कार्यो में हमेशा अग्रसर रहे है। उनकी सामाजिक सोच के कारण सभी समाजजनों ने दिनांक 17.01.2018 की बैठक में सर्व सम्मति से मतदान प्रक्रिया से मुगली रोड़ पर धर्मशाला छात्रावास की भूमि क्रय करने हेतु अधिकृत किया , जिसके प्रस्ताव पर समाज के सभी विशिष्ट लोगो के हस्ताक्षर है। इसके पश्चात दिनांक 30.06.2019 को समाजजनों की मीटिंग रखी गई और समिति द्वारा क्रय की गई, भूमि के रूपये चुकाने हेतु जो उधारी की रकम भूमि स्वामी को देना बाकी थी, उसके संबंध में समाजजनो से इतना चंदा इंकट्ठा नही हो पाया जो भूमि स्वामी को देना था, तो उपस्थित समाजजनो ने विचार कर यह निर्णय लिया कि समिति की उक्त जमीन को बेच दी जाये। और मेरे पक्षकार श्री कैलाश प्रलाथिया द्वारा बाजार से लाकर रूपयो से जो किस्त जमा करी है। उन पैसो को ब्याज सहित लौटाया जाये। दिनांक 27.10.2019 को पुनः एक मीटिंग आयोजित की गई, और जमीन वाले की शेष राशि एवं उधार ली गई राशि को चुकाने हेतु जमीन को बेचने के संबंध में तीन माह की अवधि जो रखी गई थी। उसके पूर्ण होने के बाद भी जब जमीन का विक्रय नही हो सका, इसलिए मतदान प्रक्रिया में भाग लेने वाले समस्त सदस्यो को सूचित किया गया कि वे निर्णय करे की जमीन को कैसे बेचे इस मीटिंग में समाज के सभी विशिष्ट जन उपस्थित हुये और उन्होंने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किये। इस संबंध में दिनांक 03.11.2019 को पुनः बैठक की गई और सभी ने सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया कि यह जमीन मेरे पक्षकार श्री कैलाश प्रलाथिया को रू. 81,50,000/- रू. (इक्कायसी लाख पचास हजार रू) में विक्रय करने का प्रस्ताव पारित किया गया। उक्त राशि में से उधारी की राशि बैंक ब्याज सहित कम कर दिये जाने का निर्णय लिया गया। पुनः दिनांक 30.11.2019 को एक बैठक रखी गई, जिसमें समाज द्वारा क्रय की गई जमीन जो कैलाश प्रलाथिया द्वारा क्रय की गई थी, जिस पर कुछ लोगो के हस्ताक्षर नही होने के कारण उन्होने उक्त भूमि को क्रय करने हेतु अपनी असहमति जताई थी, इसलिए यह मीटिंग रखी गई लेकिन उस दिन कोई निर्णय नही हुआ। दिनांक 15.01.2020 को पुनः एक बैंठक इसलिए रखी गई, क्योकि दिनांक 20.01.2020 को, क्रय की गई भूमि की राशि देना थी, जिसके विषय में प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें रू 7,00,000/- रू. (सात लाख रू) उधार प्राप्त किये जावें, शेष राशि भूमि को विक्रय कर प्राप्त की जावें। पुनः दिनांक 14.06.2020 को एक मीटिंग की गई, और भूमि की उधारी चुकाने तथा उक्त भूमि को बेचकर जिसके जितने पैसे देना है इस कार्य के लिए मेरे पक्षकार कैलाश प्रलाथिया को सर्व सम्मति से अधिकृत किया कि वे इस पूरी जमीन को बेचे या प्लॉट काटकर बेचे या स्वयं अपने पास रख ले, समाज के हित को ध्यान में रखते हुये जो भी वे निर्णय करेगें, वो समिति के सभी सदस्यो को मान्य होगा।

मेरे पक्षकार ने समाज के उपरोक्त प्रस्तावों तथा निर्णयों का पालन करते हुवे, उक्त रू. 81,50,000/- रू. (इक्कायसी लाख पचास हजार रू) मे से 48,38,500/- रू. (अडतालीस लाख अडतीस हजार पांच सौ रू) समाज के 26 सदस्यो को जो उन्होने उधार राशि दी थी, वह उन्हें नगद वापस की तथा 30,20,000/- रू. (तीस लाख बीस हजार रू) समिति के बैंक खाते में जमा कराये, एवं 12,15,500/- रू. (बारह लाख पंन्द्रह हजार पांच सौ रू) चंदा वापस किया इस प्रकार मेरे पक्षकार कैलाश प्रलाथिया ने यह राशि उपरोक्तानुसार कुल 90,74,000/- रू. (नब्बे लाख चैहत्तर हजार रू) अदा किये है।

यहॉ यह बताया जाना आवश्यक है कि मेरे पक्षकार ने समिति के प्रस्ताव अनुसार उक्त भूमि पर लिया गया लोन तथा चंदा एवं उधार ली गई राशि जमा कर दी है और समाजहित में अपने स्वयं के व्यवसाय को छोडकर यह कार्य किया है। इसके बाद अब उन्होने समिति के प्रस्ताव के बाद ही स्वतंत्र रूप से इस भूमि को अलग-अलग व्यक्तियों को विक्रय कर दी है, चूकि कुछ समाज जनो को मेरे पक्षकार का इतना बडा समाज के कार्य का समापन करना सुखद नही लगा है इसलिए वे अलग-अलग अधिकारियों को मंत्रीयों को, मेरे पक्षकार के बारे में भ्रामक जानकारी लिखित में देकर मेरे पक्षकार की प्रतिष्ठा धुमिल करना चाहते है। इसीलिए सर्व साधारण एवं समाज (जागंडा सूर्यवंशी समाज) को आम सूचना प्रकाशित कर मेरे पक्षकार कैलाश प्रलाथिया आ. पर्वत सिंह प्रलाथिया निवासी मुगली के संबंध में जो लोग भ्रामक, गलत दुष्प्रचार कर उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को धुमिल कर रहे है, के संबंध में यह आम सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है, ताकि सभी लोग वास्तविकता से अवगत हो सकें। और गुरू रविदास जागंडा सूर्यवंशी समाज वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष के तौर पर मेरे पक्षकार ने जो सराहनीय कार्य किया है, उसकी वास्तविकता का पता भी सर्वसाधारण एंव समाजजन को पता लगे।

**भवदीय, आर.एम. धारवॉ एडवोकेट, कार्या. शांति नगर लाल कोठी आष्टा, तहसील आष्टा जिला सीहोर म.प्र., मो. नं. 9893819696**

## आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा गणगौर पर्व

# मां पार्वती के तप का प्रतीक है गणगौर का पर्वः अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर में अग्रवाल महिला मंडल, माहेश्वरी महिला मंडल और स्वर्णकार समाज के संयुक्त तत्वाधान में हर साल की तरह इस साल भी आस्था और उत्साह के साथ गणगौर का पर्व मनाया जा रहा है। गुरुवार को शहर के संजय टाकीज के समीपस्थ स्वर्णकार समाज के गार्डन में महिलाओं के द्वारा पूजा अर्चना की गई अब शुक्रवार को शहर के अमर टाकीज के समीप नारायण भवन पर शोभा चांडक के द्वारा सामूहिक रूप से निकाली जाने वाली गणगौर का स्वागत किया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने बताया कि माहेश्वरी महिला मंडल आभा कासट, सोनी महिला मंडल की अध्यक्ष सुनीता सोनी के मार्गदर्शन में गणगौर का पर्व महिलाओं के द्वारा पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अग्रवाल ने बताया कि आगामी गणगौर की तीज व्रत पर भव्य रूप से चल समारोह निकाला जाएगा। पौराणिक मान्यता के अनुसार, गणगौर पूजन के माध्यम से मां पार्वती द्वारा की गई तपस्या व पूजन का अनुसरण किया जाता है। उन्होंने शिवजी की प्राप्ति के लिए घोर तप किया था। उसके बाद उन्हें पति रूप में पाया था। गणगौर पूजन के दिन गणगौर को प्रसाद चढ़ाया जाता है। महिलाओं और बच्चियों द्वारा ही यह प्रसाद ग्रहण किया जाता है। शहर में पिछले दिनों लगातार गणगौर उत्सव की धूम चल रही थी। गणगौर महिलाओं का त्योहार है। यह सुयोग्य वर प्राप्ति के लिए अथवा पति के दीर्घ जीवन के लिए किया जाता है। प्रसाद को इस पूजन का फल समझा जाता है। गणगौर का पर्व सुहागिनें अपने पति की दीर्घायु के लिए करती हैं। उत्सव प्रारंभ होने के साथ ही महिलाएं हाथों और पैरों को मेहंदी से सजाती हैं। इसके बाद सोलह श्रृंगार के साथ गवर माता को पूजती हैं और भजन गाती महिलाएं होली की राख अपने घर ले जाती हैं। मिट्टी गलाकर उससे सोलह पिंडियां बनाई जाती हैं। पूजन के स्थान पर दीवार पर ईसर और गवरी के भव्य चित्र अंकित कर दिए जाते हैं। ईसर के सामने गवरी हाथ जोड़े बैठी रहती है। ईसरजी काली दाढ़ी और राजसी पोशाक में तेजस्वी पुरुष के रूप में अंकित किए जाते हैं। मिट्टी की पिंडियों की पूजा कर दीवार पर गवरी के चित्र के नीचे सोली कुंकुम और काजल की बिंदिया लगाकर हरी दूब से पूजती हैं। साथ ही इच्छा प्राप्ति के गीत गाती हैं। दीवार पर सोलह बिंदियां कुंकुम की, सोलह बिंदिया मेहंदी की और सोलह बिंदिया काजल की रोज लगाई जाती हैं। कुंकुम, मेहंदी और काजल तीनों ही श्रृंगार की वस्तुएं हैं और सुहाग का प्रतीक भी। महादेव को पूजती कुंआरी कन्याएं मनचाहे वर प्राप्ति के लिए प्रार्थना करती हैं। अंतिम दिन भगवान शिव की प्रतिमा के साथ जुलूस और गणगौर की सवारी निकलती है, जो आकर्षण का केंद्र जाती हैं।

## राशि अटकने से अब तक सिर्फ 92 लाख का ही हो पाया कार्य

# ठेकेदार अधूरा छोड़ गया सिंधिया घराने की कुलदेवी मंदिर का कार्य

### होड़ावाली माता मंदिर का मामला, धर्मस्व विभाग से स्वीकृत हुई थी 6 करोड़ की राशि





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजस्थान सीमा के नजदीक स्थित क्षेत्र के प्रसिद्ध देवीय शक्तिपीठ होड़ावाली माता मंदिर पर विभिन्न विकास कार्यों हेतु शासन ने 6 करोड़ 28 लाख रुपए किए थे। हाऊसिंग बोर्ड को उक्त कार्य पूर्ण करवाने का जिम्मा शासन ने सौंपते हुए नोडल एजेंसी नियुक्त किया था। लेकिन हाऊसिंग बोर्ड ने टेंडर के जरिए जिस एजेंसी को यह कार्य सौंपा था, वह एजेंसी आधा-अधूरा काम छोड़कर चली गई है।

मौके पर मजह 92 लाख के लगभग का कार्य ही अब तक हो पाया है। कई महीनों से काम बंद ही पड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि धर्मस्व विभाग द्वारा राशि अटकाए जाने क कारण ठेकेदार आगे का काम नहीं कर पाया। आपको बतादें कि होड़ावाली माता का मंदिर तंवर समाज सहित क्षेत्र के अन्य सभी समाजों, श्रृद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। दोनों नवरात्रों में यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रृद्धालुजन माता के दर्षन करने आया करते हैं। सिंधिया घराने की कुलदेवी की प्रतिकृति भी इस मंदिर को कहा जाता है।

### पहाड़ी तक न सड़क न ही पानी की व्यवस्था

धर्मस्व विभाग ने होड़ामाता मंदिर के लिए जो राशि स्वीकृत की थी उससे पहाड़ी के नीचे से मंदिर तक सड़क, मंदिर के पास ही पैवर्स लगवाने का कार्य सहित अन्य सौंदर्यीकरण एवं श्रृद्धालुओं की सुविधा से जुड़े निर्माण कार्य शामिल थे। लेकिन, प्रमुख रूप से जो सड़क निर्माण होना था, वह तो अभी तक हो ही नहीं पाया है। इसके साथ ही मंदिर में पेयजल के लिए भी समुचित व्यवस्था नहीं है। माता के दर्षन करने आने वालों को पीने के पानी के लिए भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही इस मंदिर में श्रृद्धालुओं द्वारा अपनी मनोकामना पूर्ति उपरान्त या स्वेच्छा से मानता आदि के कार्यक्रम भी करवाए जाते हैं। मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण लोगों को खासी परेषानियां उठानी पड़ती हैं।

### इनका कहना है...

धर्मस्व विभाग से अब तक 92 लाख की राशि ही प्राप्त हो पाई है। ऐसे में उतने का काम ठेकेदार ने करवा दिया। राशि आने के बाद आगामी कार्य हो पाएंगे।

- **एएन भुज,** इंजीनियर, पुलिस हाऊसिंग बोर्ड

### दिग्विजय सिंह ने किया था भूमिपूजन

*धर्मस्व विभाग द्वारा स्वीकृत किए गए इस निर्माण कार्य का भूमिपूजन प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह स्वयं करके गए थे। लेकिन, हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों की लापरवाही एवं अनदेखी के कारण मंदिर के विभिन्न निर्माण कार्य आधू-अधूरे ही पड़े हुए हैं।*

### कई बार आ चुकी हैं राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री

*सिंधिया राजघराने की कुलदेवी की प्रतिकृति मंदिर होने से राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया सहित सिंधिया घराने के लगभग सभी परिजवार जन अक्सर यहां दर्षन करने आया करते हैं। करीब 2 वर्ष पहले ही पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती सिंधिया हेलीकॉप्टर से माता के पूजन-अर्चन करने हेतु यहां आई थीं।*

# झूठा मामला दर्ज कर 90 हजार रुपए रिश्वत की शिकायत के बाद चौकी प्रभारी सहित स्टाफ सस्पेंड

## बुजुर्ग को पकड़कर 5 बोतल शराब का झूठा केस बनाया, रिश्वत में लिए हुए 90 हजार भी पुलिस ने किए वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



अपराधियों के लिए पुलिस प्रशासन होता है, किंतु कुछ अधिकारी ऐसे होते हैं जो बिना अपराध के भी अपराधी बना देते हैं और बाद में उनसे मोटी रकम रिश्वत के रूप में लेते हैं। ऐसा ही एक मामला सारंगपुर पुलिस थाना अंतर्गत पड़ाना चौकी से सामने आया है। जानकारी अनुसार एक बुजुर्ग व्यक्ति को पकड़कर 5 बोतल शराब का झूठा केस बनाया और 90 हजार की रिश्वत ली गई। मामला उजागर होने पर पूरे स्टाफ को राजगढ़ के नवागत पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने निलंबित कर दिया है। चौकी प्रभारी पर समीप गांव के एक बुजुर्ग को गांजा पीते हुए पकड़ लिया और उस पर 5 लीटर शराब का झूठा केस बनाकर डरा धमकाकर 90 हजार रुपए रिश्वत ली। रिश्वत एवं झूठे केस का आरोप बुजुर्ग ने लगाया। बुजुर्ग ने इस मामले की शिकायत राज्यमंत्री गौतम टेटवाल सहित एसपी को की थी। गुरुवार को सारंगपुर एसडीओपी अरविंद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आसारेटा निवासी मानसिंह परमार की शिकायत पर पड़ाना चौकी प्रभारी एसआई विष्णु मीणा सहित दो अन्य पुलिसकर्मी और एक सैनिक को लाइन हाजिर किया गया है।

### यह है पूरा मामला

शिकायतकर्ता मानसिंह परमार ने बताया कि कभी कभी मंदिरों पर आए साधु संन्यासी के साथ गांजा पीने का शौक है। एक दिन में गांजा पी रहा था, उसी समय एसआई विष्णु मीणा और उनके स्टाफ ने एक चिलम भर गांजे की पुड़िया के साथ पकड़ लिया था। चूंकि गांजा पीना कोई अपराध नहीं लेकिन मुझे डराया, धमकाया गया और एसआई ने 90 हजार रुपए मांगे जो मजबूरन मुझे देना पड़े। एसआई मीणा ने रिश्वत लेने के बाद भी 5 लीटर शराब का झूठा केस बना दिया। इसकी शिकायत मंत्री गौतम टेटवाल से की तो उन्होंने पुलिस को फटकार लगाई। उसके बाद करीब एक महीने में पुलिस ने 90 हजार रुपए वापस कर दिए। लेकिन कार्रवाई नहीं होने से मामले की शिकायत एसपी राजगढ़ से की गई। जांच के बाद एसपी राजगढ़ ने पड़ाना चौकी प्रभारी एसआई विष्णु मीणा सहित सैनिक हीरालाल, पुलिसकर्मी श्यामशंकर पासी और विनोद नायक को निलंबित कर दिया है।

### आमजन बोले एतिहासिक फैसला

आम तौर पर देखा जाता है कि पुलिस के सामने अपराधी तो क्या आमजन भी अपनी सफाई नहीं दे पाते और वह अपराधी बन जाता है उसकी कोई सुनवाई नहीं होती है। ऐसे में राजगढ़ के पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने बुजुर्ग पर लगाए गए झूठे केस एवं रिश्वत के रूप में लिए गए 90 हजार पर चौकी प्रभारी सहित पूरा स्टाफ को सस्पेंड कर करना आम जनता के मन में पुलिस व कानून के प्रति सम्मान को बढ़ाएगा। मिश्रा के इस कदम ने आम जन में न्याय के प्रति हौसला पैदा किया है।

# पक्षियों को दाना पानी के लिए सकोरा वितरण

## संस्कार कॉन्वेंट ने पक्षियों के लिए निकाली जागरुकता रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तलेन

नगर के संस्कार कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल में पक्षियों को दाना पानी के लिए नगर में रैली निकाल कर कई स्थानों पर सकोरा का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कार्यक्रम किया गया। जिसमें बच्चों को समझाया गया कि सभी अपने-अपने घर मे पक्षियों को पानी पिलाने हेतु घर के बाहर व छत पर किसी एक छोटे बर्तन में थोड़ा पानी व साफ जगह पर कुछ पक्षियों के खाने की चीज अवश्य रखें। विद्यालय के संचालक देव सिंह यादव ने बताया कि पर्यावरण से संतुलन बनाए रखने में पशु पक्षी कीट पतंगे आदि का महत्वपूर्ण योगदान होता है। गर्मी के दिनों में जल स्त्रोत सभी सुख जाते हैं इसलिए हमें मूक प्राणियों को बचाने हेतु जल पात्रों में पक्षियों के लिए जल अवश्य रखना चाहिए। बच्चों द्वारा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नारे लगाकर रैली निकाली गई। रैली के उक्त कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के अतिरिक्त संस्था संचालक व प्राचार्य देव सिंह यादव, गोवर्धन लववंशी, पवन शर्मा, राजेश सोनी, पवन यादव आदि सम्मिलित रहे।

## मध्यप्रदेश शिक्षक संघ प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

# युग परिवर्तन की बेला में हम सब मिलकर साथ चलें : राठौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




शिक्षकों को अपनी ताकत बढ़ानी है। जब शिक्षक संघ शासन के समक्ष कोई बात रखता है और विभागों में फाइलें चलती है तो एक अधिकारी समर्थन करता है और दो विरोध करते हैं।

हमारी मांग है कि, जब अधिकारी एवं सरकार कोई नीतिगत निर्णय लें तो उस बैठक में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों या शिक्षक संघ की ओर से अधिकृत विशेषज्ञ शिक्षकों को भी आमंत्रित किया जाए। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने चतुर्थ समयमान वेतनमान, क्रमोन्नति के लिए स्कूल शिक्षा विभाग, आयुक्त लोक शिक्षण, शिक्षा मंत्री, आयुक्त राज्य शिक्षा केंद्र व अन्य को अलग-अलग चार पत्र दिए तब जाकर समयमान वेतनमान मिला। शिक्षक संघ के प्रयासों से ही 4ः डीए मिला। उच्च पद प्रभार की प्रक्रिया में भाग लेना स्वैच्छिक करवाया। अधिकारियों एवं शासन ने हमें आश्वस्त किया है कि, आने वाले समय में हमें क्रमोन्नति भी मिलेगी और छूटे हुए नाम जोड़कर उच्च पद का प्रभार भी मिलेगा। बकाया 4 प्रतिशत डीए भी मिलेगा। 30 जून में सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों को वेतन वृद्धि का लाभ दिलाने डीपीआई से चर्चा की जाएगी। शिक्षक विरोधी मानसिकता के अधिकारियों की वरिष्ठ कार्यालयों से रवानगी करवाएंगे। उक्त आशय की जानकारी मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की भोपाल में आयोजित बैठक में प्रांताध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठौर द्वारा दी गई। चार सत्रों में आयोजित बैठक में अखिल भारतीय पदाधिकारी राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, अतिरिक्त महामंत्री संजय राउत,सहित अन्य पदाधिकारियों सरस्वती पूजन, सरस्वती वंदना एवं संगठन मंत्र से बैठक प्रारंभ हुई। कार्यक्रम के दौरान आरएसएस के प्रांत सह कार्यवाह हेमंत सेठिया ने अपने उद्बोधन में संगठन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में पंच परिवर्तन जिसमें मुख्य तत्व समरसता, कुटुंब, पर्यावरण,स्व के भाव को हर क्षेत्र में अंगीकार करना, स्वरोजगार के संकल्प को धरातल पर ले जाने हेतु प्रेरित किया। वही द्वितीय सत्र में सभी संभागों के संभागीय एवं जिला पदाधिकारियों ने शिक्षकों की समस्याएं प्रांतीय कार्यकारिणी के समक्ष रखीं। तृतीय सत्र के प्रारंभ में राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर ने सभी पदाधिकारियों से 15 दिन में शिक्षा, शिक्षक और समाज हित के लिए संकुल स्तर पर कलस्टर योजना का खाका प्रस्तुत करते हुए संकुल स्तरीय मंडल कलस्टर समितियां बनाने का आव्हान किया। बैठक के अंतिम सत्र में प्रांत अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को बैठकों के लिए आवश्यक निर्देश दिए आदि दिए। इस दौरान महेंद्र कपूर, दिनेश शर्मा, हिम्मत सिंह जैन, हीरालाल तिरोले, सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा,जगदीश कुंभकार सहित सारंगपुर के शिक्षक मौजूद थे।

# स्वीमिंग पूल कर्मियों को एसपी ने स्वयं खड़े रहकर दिलवाई ट्रेनिंग

## ग्रीष्मावकाश में अनेकों बच्चे स्वीमिंग पूल में आते हैं सीखने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




आधिकाधिक बच्चों सहित अन्य लोगों को तैराकी सिखाने के मकसद से पिछले दिनों सर्किट हाऊस के नजदीक स्थित शासकीय स्वीमिंग पूल का शुभारंभ करवाया गया था। स्वीमिंग पूल के बच्चों को अच्छी तरह से तैराकी सिखाने सहित यहां के कर्मचारियों, ट्रेनरों को रेस्स्क्यू संबंधी अन्य गुर सिखाने के मकसद से गुरुवार को पूल पर कैंप आयोजित किया गया।

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा स्वयं इस कैंप में मार्गदर्षन के लिए उपस्थित हुए। उन्होंने होमगार्ड की एसडीईआरएफ टीम के एक्सपर्ट सदस्यों को निर्देषित किया कि पूल के सभी कर्मचारियों को तैराकी सिखाने, डूबते व्यक्ति को बचाने सहित रेस्क्यू की अन्य सभी जानकारियां देकर पूरी पैरक्टिस करवा दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने खेल युवा कल्याण अधिकारी को यह सुनिष्चित करने कहा कि महिलाओं के स्वीमिंग सीखने के समय पर किसी पुरुष को पूल में एंट्री न दी जाए।

### उपलब्ध करवाए ट्यूब, लाइफगार्ड

कुछ स्कूलों में ग्रीष्मावकाश शुरू हो चुके हैं वहीं कुछ स्कूलों में शुरू होने वाले हैं। ऐसे में अब अनेकों बच्चे पूल पर तैराकी सीखने आया करेंगे। एसपी द्वारा यहां सुरक्षात्मक रूप से ट्यूब्स, लाईफगार्ड समेत अन्य संसाधन विभागीय रूप से मुहैय करवाए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि पूल पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति, बच्चे की बाकायदा रजिस्टर में एंट्री की जाए।

# लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक संपन्न

**जीरापुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक सौंधिया समाज धर्मशाला में आयोजित हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव प्रभारी, पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह की उपस्थिति में चुनाव अभियान की रूपरेखा तैयार की गई, जिसमें मंडलम प्रभारी को विशेष जिम्मेदारी दी तथा प्रत्येक पोलिंग बूथ पर दमदारी से कार्य करने की बात कही।

पूर्व ऊर्जा मंत्री लोकसभा प्रभारी प्रियव्रत सिंह ने कहा कि हमें जनता को यह बताना होगा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने गुरुजी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षाकर्मी, पंचायतकर्मी, स्वास्थ्य विभाग में गांव गांव में नौकरी दी। जबकि जबसे भाजपा की सरकार है किसे नौकरी मिली भाजपाई ने कहा था कि दो करोड़ नौकरी देंगे किसी को नौकरी नहीं मिली। महंगाई चरम पर है। किसानों को 15 लाख खाते में जमा करेंगे आज तक 1 रुपए जमा नहीं हुआ। जिला पंचायत सदस्य यशवंत सिंह गुर्जर ने कहा कि दिग्विजय सिंह ने रेल लाइन, कुण्डालिया डेम कालेज, मेडिकल कॉलेज राजगढ़ यह उनके समय स्वीकृत किए। बैठक में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण सरावत सहित मंडलम अध्यक्ष सेक्टर प्रभारी, बीएलए, युवा यूथ अध्यक्ष, एनएसयूआई सहित पदाधिकारी, सरपंच, जनपद सदस्य मौजूद रहे।

### पांच अप्रैल से 12 दिन के लिए बंद रहेगी मंडी

**विदिशा।** 5 से 28 अप्रैल के बीच कृषि उपज मंडी में 12 दिनों का अवकाश रहेगा। 5 अप्रैल शुक्रवार को मां कर्मा देवी जयंती के कारण कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। वहीं 7 अप्रैल रविवार होने के कारण मंडी बंद रहेगी। 8 अप्रैल सोमवार को अमावस्या, 9 अप्रेल मंगलवार को गुढ़ीपढ़वा, 10 अप्रेल बुधवार को झूलेलाल जयंती होने के कारण मंडी में अवकाश रहेगा। 11 अप्रेल गुरुवार को ईद, 13 अप्रैल को दूसरा शनिवार होने से बैंक बंद रहने के कारण नीलामी नहीं होगी।

## बुजुर्ग महिलाओं ने सुनाई दशामाता की कथा, नगर सहित ग्रामीण अंचलों में महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

# महिलाओं ने पीपल की पूजा कर दशा माता से की सुख-समृद्धि की कामना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

होलिका पर्व के दसवें दिन आने वाले दशामाता व्रत पर्व पर गुरूवार को सनातनी श्रृद्धालु महिलाओं द्वारा व्रत, उपवास रखते हुए पीपल के वृक्षों की पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं द्वारा विधि-विधान के साथ वृक्षों पर मनोकामना संबंधी धागा अर्पित करते हुए परिक्रमाएं करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

नगर के विभिन्न पीपलवृक्षों के यहां पूरे दिन महिलाओं द्वारा पूजा-अर्चना का कार्यक्रम चलता नजर आया। बुजुर्ग महिलाओं द्वारा विधि-विधान के साथ सुहागिनों को दशामाता की कथा श्रवण करवाते हुए कथा के प्रभाव और जीवन में उसके लाभों से अवगत करवाया गया।

### जमीन पर बैठकर की पूजा

स्थानीय सोल्डर क्लब के नजदीक स्थित पीपल के दो वृक्षों के चबूतरों को पिछले दिनों नगर पालिका द्वारा सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते तुड़वा दिया गया था। चबूतरों के टूटा होने से महिलाओं द्वारा वृक्ष के नीचे जमीन पर बैठकर इस बार पूजा-अर्चना की गई है। नगर पालिका के जिम्मेदारों ने आष्वासन दिया था कि सड़क निर्माण कार्य होने के उपरान्त दोनों चूबूतरे पुनः बनवा दिए जाएंगे लेकिन यह कार्य अभी तक नहीं करवाया गया है।

### पीपल की पूजा कर मनाया गया होली दशमी का व्रत पर्व

जीरापुर नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र में परंपरागत मनाए जाने वाला होली दशमी का महिलाओं का व्रत पर्व महिलाओं द्वारा सुहागनी वेशभूषा नवीन वस्त्र धारण करके आनंद एवं उत्साह से मनाया गया। प्रातः से अपने-अपने घरों से सज-धज कर महिलाओं की टोलिया पीपल के वृक्ष के पास पहुंची, जहां पर होली दशमी नमक व्रत रखकर पीपल वृक्ष की पूजा अर्चना विधि विधान से की। जिन-जिन मंदिरों के पास पीपल वृक्ष वहां पर महिलाओं की काफी भीड़ पूजा अर्चना के लिए लगी रही। वहां पर पंडितों द्वारा इस व्रत से संबंधित कथा महिलाओं को सुनाई गई। बताया जाता है कि यह व्रत परंपरा अनुसार महिलाएं अपने परिवार घर कि सुख समृद्धि खुशहाली के लिए रखकर पीपल के वृक्ष की पूजा करती है। जिसके पीछे पौराणिक मान्यता है की सुख समृद्धि और दशा सकुशल अच्छी बनी रहती है। गुरूवार को सिद्धेश्वर महादेव मंदिर थाना परिसर सहित नगर के अनेकों धार्मिक स्थलों जहां पीपल का वृक्ष है वहां पर महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना करके पीपल के वृक्ष की पूजा अर्चना करके इस व्रत को किया सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर पंडित अनुराग आचार्य शर्मा एवं पंडित नितेश शर्मा ने महिलाओं को इस व्रत से संबंधित कथा सुनाई।



### दशा माता से मांगा अखंड सौभाग्यवती का आशीर्वाद

*खिलचीपुर में भी हिंदू रीति रिवाज अनुसार होली पर्व के दसवें दिन महिलाएं दशा माता ओर पीपल वृक्ष की पूजा करती है। अखंड सौभाग्यवती, सुख समृद्धि का आशीर्वाद लेती है। नगर सहित ग्रामीण अंचलों में महिलाओं ने गुरुवार को दशा माता की कथा पढ़, पीपल वृक्ष की पूजन अर्चना की।*



**खबर संक्षेप**

## 9 अप्रैल से आरंभ होगा एकादश कुंडीय श्रीराम महायज्ञ



**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम चंदेरी में एकादश कुंडीय श्रीराम महायज्ञ, प्राण-प्रतिष्ठा समारोह और संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन आगामी नौ अप्रैल से 17 अप्रैल तक आयोजित होना है। अब तक 232 मंदिरों के जीर्णोद्धारक संत स्व. काशी प्रसाद कटारे के शुभाशीष से धर्मरक्षक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे के संचालन में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। शुक्रवार को पंडित श्री कटारे बाबा सहित समिति के अन्य सदस्यों ने यहां पर बनाई जा रही यज्ञ शाला के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। पंडित श्री कटारे द्वारा यहां 74 वें मंदिर का जीर्णोद्धार नव निर्माण कार्य संपन्न कराया जा रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नव निर्मित मंदिर में भव्य सिंहासन पर श्रीराम दरबार, खेड़ापति श्री हनुमान, शिव परिवार एवं एकादश श्रीराम महायज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। खेडापति माता की प्राण-प्रतिष्ठा एकादश कुण्डिय श्रीराम महायज्ञ के माध्यम से धर्मरक्षक श्री कटारे बाबा के संचालन में नई एवं पुरानी चंदेरी के सभी ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न होने जा रहा है। आगामी नौ अप्रैल से होने वाले इस दिव्य आयोजन में 16 अप्रैल को श्रीराम जी की भव्य बारात शाम पांच बजे अयोध्यापुरी चंदेरी से जनकपुरी पिपलिया मीरा प्रस्थान करेगी। 17 अप्रैल रामनवमी को पूर्ण आहुति के साथ प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होगी। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### शांति नगर के रहवासी भी बार-बार के जाम से परेशान

# बंपर आवक से कृषि मंडी की व्यवस्था ध्वस्त उपज लेकर आए किसान होते रहे परेशान



बंपर आवक के चलते कन्नौद रोड मार्ग पर निकलने में आ रही परेशानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जहा बीती दिवस 4 अप्रैल गुरुवार को आष्टा कृषि उपज मंडी में भारी आवक थी। जिसमें से लगभग 28 हजार क्विंटल ऊपज की ही नीलामी हों पाई थी। और रात्रि में लगभग 8 से 10 हजार क्विंटल ऊपज शेष रह गईं थी,जो रात्रि में मंडी प्रांगण में ही रोकी गई। वही शुक्रवार को फीर मंडी में रिकार्ड आवक देखने को मिलीं।

हालत ऐसे रहे की रात से ही कन्नौद रोड पर मंडी के बाहर ऊपज से भरे ट्रैक्टर ट्रालीयो की लंबी चौड़ी लाइने लगना शूरू हों गईं और देखते ही देखते मंडी के अंदर से लेकर कन्नौद रोड, शांति नगर में ऊपज से भरे ट्रैक्टर ट्रालीयो खड़े थे। देखा जाय तो शुक्रवार को कृषि उपज मंडी में इस सीजन की सबसे अधिक रिकार्ड तोड़ आवक सामने आईं है और इस रिकॉर्ड तोड आवक होने से मण्डी प्रशासन की तमाम व्यवस्था ध्वस्त होते हुऐ नजर आईं या यह कहें की इस रिकॉर्ड तोड आवक के सामने मंडी प्रशासन की सारी व्यवस्था बोनी साबित हुईं!दरअसल देर रात से जो किसान ट्रेक्टर ट्राली में उपज लेकर आए थे वह दिनभर परेशान होते हुऐ नजर आएं जहां कड़ाके की धूप में इन किसानों के लिए कोई पानी की व्यवस्था मण्डी समिति द्वारा देखने को मिलीं ना अन्य कोई व्यवस्था किसानों के लिए नजर आईं! मंडी का परिसर भी इस बंपर आवक में दिन भर खचाखच भरा रहा।वहीं कर्मा जयंती होने के कारण व्यापारीयो ने दोपहर 1:00 बजे बाद नीलम कार्य शुरू किया।

एसडीएम और एसडीओपी पहुंचे मंडी, व्यवस्थाओ का लिया जायजालिहाजा मंडी में भारी आवक तथा किसानों की हो रही असुविधाओं को देखते हुए सूचना मिलने पर एसडीएम स्वाति उपाध्याय भी कृषि उपज मंडी में पहुंची तथा व्यवस्थाओं को सुचारू रूप देने में लगी रही। इस दौरान सुबह से लेकर दोपहर तक किसान कड़ाके की धूप में मंडी प्रांगण में मंडी के आगे और पीछे दोनों और जो ट्रैक्टर ट्राली की लाइन लगी थी उन में किसान परेशान होते रहे। धूप से बचने के लिए किसान ट्रालियों के नीचे बैठे देखे गए। वही रात्रि में ट्रैक्टर ट्रालियों को शांति नगर की ओर डायवर्ट किया गया था जिसके कारण शांति नगर कॉलोनी के रह वासियों को भी भारी आसुविधा और परेशानियों का सामना करना पड़ा । ट्रैक्टर ट्रालियों की लाइन घरों के सामने लग जाने के



कारण उन घरों के लोगों को काफी असुविधा तो हुई है लेकिन वे लोग घरों से बाहर निकलने में भी परेशान हुए। वही जिन घरों के नागरिक अपने वाहन घरों से बाहर निकलना चाह रहे थे लेकिन ट्रैक्टर ट्रालियों लग जाने के कारण वह वाहन भी बड़ी मुश्किल निकाल पाए।

कुल मिलाकर भारी अवस्थाएं आष्टा कृषि उपज मंडी एवं मंडी में जाने के दोनों मार्गो पर भारी अवस्थाएं नजर आई। प्रशासन के आला अधिकारियों ने जो अव्यवस्थाएं देखी उसको लेकर क्या ऐसी कोई व्यवस्था में सुधार किया जाएगा कि आने वाले समय में भारी आवक के दौरान इस तरह की अव्यवस्थाएं ना हो और किसान ,व्यापारी कोई भी परेशान ना हो।

## जल संकटः साइकल से तो कोई बैलगाड़ी से ला रहा पानी

### कई सालों से अधूरी पड़ी नल-जल योजना



**जावर।** हैंडपंप में भी सूखा पानी, पानी एकत्रित होने का इंतजार करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर के ग्राम कजलास के लोग ग्राम पंचायत की अनदेखी के कारण अप्रैल माह की शुरुआत में ही पानी को लेकर परेशान है ग्राम कजलास में मार्च अप्रैल माह में यह स्थिति है तो मई जून की हालत गर्मी में क्या हाल होंगे।

इस बात का अंदाजा लगाना लोगों के लिए आसान होगा इस गांव के लोग पीने के पानी के लिए सुबह से ही पानी की तलाश में गांव से कहीं किमी दूर बहार ट्युबवेलो पर पानी भरने पहुंच जाते हैं लेकिन इसके विपरीत संपन्न परिवारों ने तो निजी पैसे से लोगों के ट्युबवेलो से पाइपलाइन बिछाकर अपने घरों तक पानी की व्यवस्था कर ली है। हालांकि यह लोग भी अच्छी खासी रकम का भुगतान कर पानी लेते हैं जबकि ग्राम पंचायत ग्राम के जल संकट को लेकर सजक नहीं है। इस बात का रोष आम लोगों में देखा जा सकता है। ग्राम पंचायत कजलास में एक करोड़ सात लाख 85 हजार की नल जल योजना स्वीकृत होने के बाद भी गांव पानी के लिए तरस रहा है। ग्राम कजलास के लोगों ने बताया कि इतनी बड़ी नल जल योजना स्वीकृत हो चुकी है। टंकी भी बनकर कंप्लीट हो चुकी है।

लेकिन नल जल योजना का कार्य अधूरा पड़ा है इंजीनियर द्वारा लापरवाही सामने नजर आ रही है पिछले वर्ष जिला कलेक्टर ग्राम कजलास पहुंचे थे इस दौरान कजलास मैं लगभग 5000 आबादी है लेकिन आज भी यहां के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं।

### हैंडपंप भी हुए बंद

कजलास गांव में पीएच ई विभाग द्वारा लगभग 12 हैंडपंप लगाए थे लेकिन 1 या 2 हैंडपंप ही चालू है बाकी सभी हैंडपोमों का जलस्तर नीचे चले जाने के कारण धीरे-धीरे बंद हो चुके हैं गांव में पानी की समस्या मार्च से ही उत्पन्न हो रही है ग्राम के लोगों का कहना है कि गांव में पानी की टंकी तो बनाई गई लेकिन टंकी से अभी तक लोगों के घरों तक पानी अभी तक नहीं पहुंचा।

## कृषि विस्तार अधिकारी विश्वकर्मा का निधन



**जावर।** नगर के वरिष्ठ शिक्षक शिवचरण विश्वकर्मा भाटीखेड़ा के बड़े भाई बाबूलाल विश्वकर्मा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर सीहोर में पदस्थ थे। जो गत दिनों सड़क दुर्घटना में घायल हो गये थे। जिनका लंबे समय से भोपाल में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान मंगलवार को निधन हो गया। स्व. बाबूलाल विश्वकर्मा के निधन की सूचना नगर सहित क्षेत्र व समाजजनों को मिलते ही शोक की लहर छा गई। जिनका बुधवार को सीहोर के ब्रह्मपुरी स्थित विश्राम घाट पर दाहं सस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र राकेश विश्वकर्मा ने दी। इस दौरान उपस्थित समाजजनो व नगर के लोगो ने श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दुःख से उनको लडने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना की।

## मां कर्मा देवी की जन्म जयंती पर साहू समाज ने निकाली शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

तेलिक साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी जी के 1008 वे जन्म जयंती महोत्सव को साहू समाज ने बड़े ही धूमधाम से मनाया स्थानीय साहू मैरिज गार्डन पर सभी समाज बंधुओ ने एकत्रित होकर मां कर्मा देवी के जन्मोत्सव पर आपस में बधाई और शुभकामनाएं दी और माता जी की पूजन कर एक शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली जिसमे माता कर्मा जी का भव्य सजा हुआ रथ आकर्षण का केंद्र रहा जिसमे मां कर्मा जी का चित्र और लड्डू गोपाल जी विराज मान रहे जिनका समाज और अन्य संस्थाओं द्वारा जगह जगह पूजन कर पुष्पहारों से स्वागत किया ।। शोभायात्रा में पुरुष महिलाए और बच्चे नृत्य करते हुए आनंद लेते हुए चल रहे थे शोभायात्रा का समापन पुनःसाहू मैरिज गार्डन पर हुआ जहां पर माता जी का पूजन अर्चन हवन इत्यादि संपन्न हुए तत पश्चात भोजन प्रसादी वितरण हुआ । कार्यक्रम में साहू समाज के अध्यक्ष कमलेश साहू समाज के वरिष्ठ मांगीलाल प्रहलाद घासीराम बाबूलाल जी कैलाश सुरेश चंद्र गुलाब चंद्र जी मांगीलाल जी राधेश्याम जी मनोहर अशोक भारत जी संतोष जी लखन गोदी पारस जी शंकर लाल जी लखन जितेंद्र पंकज साहू सेलेंद्र साहू जी सतीश कमलेश राठौर रूपेश राठौर मनोज साहू उमेश साहू नीरज साहू दिलीप साहू अर्जुन साहू अनिल साहू राजपाल साहू नीरज साहू और समाज के सभी बंधुवर व मात्र शक्ति उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**आष्टा।** जनपद पंचायत आष्टा में पुलिस विभाग के कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता के पालन करने एवं निर्वाचन प्रक्रिया एवं ईडीसी पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर एसडीओपी आकाश अमलकर सहित पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का अनुसूचित जाति मोर्चा ने किया स्वागत



**आष्टा।** भारतीय जनता पार्टी आष्टा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन में आष्टा आए मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद आष्टा से खातेगांव कन्नौद जाते वक्त कन्नौद रोड पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चे के अध्यक्ष मनोहरसिंह मालवीय के नेतृत्व में मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का भव्य स्वागत और सम्मान किया। शिवराजसिंह चौहान अपने वाहन से उतरे तथा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष मनोहरसिंह मालवीय में बताया कि इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चे के कार्यकर्ता तेजसिंह चोहान फूडरा, नारायण सिंह कलाकार खड़ी, शोभालासिंह शेखुखेड़ा,मांगीलाल पूर्व सरपंच झीलेला, बाबूलाल राणा मंडल अध्यक्ष मैना, मानसिंह, जीवन सिंह, रेवाराम, कालू सिंह, फूल सिंह, गोविंद सिंह कवटिया, आसाराम ग्वाली, बोन्द्रसिंह पूर्व सरपंच, करणसिंह पचलसिया, आत्माराम सोलंकी,नरबदसिंह धरमपुरी, मांगीलाल करनजा कुरावर, अमर सिंह, हरि नारायण, देवनारायण मालवीय, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बारिश के कारण कम उत्पादन के चलते खरीदी केंद्रों पर सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 25 मार्च से चालू की गई थी। लेकिन इस वर्ष गेहूं के उपज कम होने के कारण गेहूं खरीदी केंद्र पर आवक कम आ रही है। केंद्र पर आए हुए किसानों ने बताया की इस वर्ष मोसम की मार के कारण गेहूं का उत्पादन कम हुआ है। 4-5 दिन तक इतनी ज्यादा धुंधार बारिश हुई की गेहूं बारीक हो गया।

जो गेहूं 10 से 15 क्विंटल बीघा होने का था वह 5 से 7 क्विंटल बीघा ही निकला। इस कारण केन्द्र पर गेहूं की आवक कम आ रही है। 25 मार्च से 5 अप्रैल तक सिद्धिगंज सेंटर मां बिजासन वेयरहाउस पर 11000 क्विंटल गेहूं की आवक रही। वही खाचरोद सेंटर पर मां नर्मदा वेयरहाउस पर 10000 क्विंटल गेहूं की आवक रही। खामखेड़ा सेंटर पर पलक वेयर हाउस पर 8000 क्विंटल गेहूं की आवक रही।

किसानों के लिए शासन द्वारा गेहूं साफ करने की ग्रेडिंग मशीन लगाई गई। लेकिन वह खराब पड़ी है। जिससे गेहूं की सफाई नहीं हो पा रही है। तीनों सेंटर के प्रभारी संतोष कुमार जैन, तुलसीराम बाड़ोलिया, कमल सिंह ठाकुर, राजकुमार शर्मा ने सभी किसानों से अपील की है कि वह अपना गेहूं साफ कर के व सुखाकर लाऐ।

### शासकीय विद्यालयों में बच्चों को प्रवेश दिलाने ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जनसंपर्क

# बीआरसी ने गांव में घर-घर जाकर बच्चों व पालकों से की चर्चा





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग के समस्त अमले को निर्देशित किया गया था कि ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर सघन जनसंपर्क अभियान चलाएं और अधिक से अधिक बच्चों को शासकीय विद्यालय में प्रवेश व शाला में शत प्रतिशत बच्चो की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। शिक्षक समय से शाला पहुंचकर अध्यापन कार्य कराए। इसी के तहत आष्टा बीआरसीसी तरुण बैरागी, बीएसी मनोज विश्वकर्मा, बीएसी फूलचंद साकंले, जनशिक्षक राकेश सूयवंशी, जनशिक्षक शेषपाल ठाकुर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क किया और ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर पालकों से संपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में बच्चों को शासकीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने और नियमित रूप से बच्चो को शाला भेजे इसके लिए प्रेरित किया। आगे भी इस प्रकार के संपर्क जनशिक्षक द्वारा इस स्थान पर पदस्थ शिक्षक के साथ किए जायेंगे जिससे शाला में बच्चो की अधिक से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। बीआरसी में यू डाइस से संबंधित एक विशेष बैठक रखी गई जिसमें सभी शाला के शाला प्रमुख एवं ऑपरेटर को निर्देशित किया गया कि यू डाइस प्रोफाइल अपडेशन पेंडेंसी को जल्दी से जल्दी अपडेट करें।

## अग्निपथ योजना को लेकर किया मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में शासन द्वारा लागू की गई अग्निपथ योजना के लिए महाविद्यालय की स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के अंतर्गत विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। इस कार्यक्रम में क्रीड़ा अधिकारी नीतू परवाल द्वारा अग्निपथ योजना के बारें में चाही गई चयन संबंधित निर्देश, चयन संबंधी योग्यता, प्रक्रिया और मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार शुक्ल द्वारा लिखित परीक्षा के पाठ्यक्रम व उसकी तैयारी के संबंध में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिये महाविद्यालय के बीए प्रथम वर्ष के अग्निवीर में चयनित छात्र प्रवीण पोरवाल द्वारा अपना अनुभव साझा किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं व स्टॉफ उपस्थित रहा।